**मुख्य समाचार :–**

- चम्पावत के देवीधुरा स्थित मां बाराही धाम में फल–फूलों से खेली गई विश्व प्रसिद्ध बग्वाल ।
- सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से नई दिल्ली में मुलाकात कर प्रदेश में नल जल मित्रों को मनरेगा के माध्यम से अनुमन्य मजदूरी और कार्य दिवस उपलब्ध कराने का आग्रह किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार युवाओं के लिए भर्ती परीक्षाओं का पूरा कैलेंडर जल्द जारी करेगी।
- देशभर में आज रक्षाबंधन का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

**बग्वाल मेला**

पाषाण युद्ध यानि बग्वाल के लिए प्रसिद्ध चम्पावत जिले के देवीधुरा स्थित मां बाराही धाम में रक्षाबंधन पर्व पर बग्वाल खेली गई। चार खामों के रणबांकुरों ने करीब आठ मिनट तक फल और फूलों से एक–दूसरे पर प्रहार कर सदियों पुरानी परंपरा का निर्वहन किया। इस दौरान दर्जनों लोग घायल हुए जिन्हें मंदिर परिसर में बनाए गए चिकित्सा शिविरों में उपचार दिया गया। बग्वाल को लेकर पौरोणिक मान्यता भी है।

वहीं कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देवीधुरा की पवित्र धरती उन्हें हर वर्ष नई ऊर्जा और शक्ति प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यह स्थल आध्यात्मिक चेतना का केंद्र और अनूठी ऐतिहासिक परंपरा का संवाहक है। सरकार देवभूमि की संस्कृति और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है।

**अनुरोध**

प्रदेश के सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नल जल मित्रों को मनरेगा के माध्यम से अनुमन्य मजदूरी और कार्य दिवस उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। मुलाकात के दौरान जल जीवन मिशन से जुड़े विभिन्न विषयों पर दोनो मंत्रियों के बीच चर्चा हुई। इसमें पेयजल परिसंपत्तियों के संचालन और रखरखाव का मुद्दा भी शामिल था। सतपाल महाराज ने बताया कि नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत अधिकांश संभावित प्रतिभागी दैनिक मजदूरी, कृषि और अन्य आजीविका गतिविधियों पर निर्भर हैं। प्रशिक्षण में शामिल होने के दौरान उनकी आय प्रभावित होती है। इसके कारण कई लोग प्रशिक्षण में शामिल नहीं हो पाते। इसी को देखते हुए महाराज ने पात्र प्रतिभागियों को प्रशिक्षण अवधि में मनरेगा के तहत अनुमन्य मजदूरी और कार्य दिवस उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुझाव पर सहमति जताई। उन्होंने इस संबंध में त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

गणेश जोशी

नेपाल में आपदा आने के बाद प्रदेश में भी अलर्ट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं और नेपाल को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि नेपाल के सीमावर्ती चंपावत जिले में सतर्कता बढ़ा दी गई है। टनकपुर में शारदा बैराज, शारदा घाट और निचले इलाकों में एसडीआरएफ को 24 घंटे हाई अलर्ट पर रखा गया है। टीम लगातार जलस्तर की निगरानी और गश्त कर रही है।

**भर्ती परीक्षा कैलेंडर**

राज्य में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में भर्ती परीक्षाओं का पूरा कैलेंडर जल्द जारी किया जाएगा और निर्धारित समय के अनुसार भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक, भ्रष्टाचार और नकल माफिया बड़ी चुनौती थे, लेकिन सरकार ने इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की है।

**रक्षाबंधन**

देशभर में आज रक्षाबंधन का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेशभर में बहनों ने पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके सुखी, स्वस्थ और सफल जीवन की कामना की। इस दौरान घरों में पूजा–अर्चना और मिठाइयों के साथ भाई–बहनों ने इस पर्व की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर लोक भवन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह को रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं दीं। राज्यपाल ने सभी बहनों का आभार व्यक्त करते हुए रक्षाबंधन को प्रेम, विश्वास और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बताया। वहीं, पौड़ी में कुछ बहनों ने पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांधा, जो परिवार से दूर रहकर समाज और महिलाओं की सुरक्षा में तैनात हैं। इस बीच, रक्षाबंधन के अवसर पर आज और कल प्रदेश की महिलाओं को उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है।

**छात्रसंघ चुनाव**

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर, श्रीनगर में छात्रसंघ चुनाव 2026–27 का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. एम.सी. सती की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार छात्रसंघ के विभिन्न पदों के लिए मतदान 11 सितंबर को होगा और इसी दिन मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।